दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 221 मुरादाबाद 08 December 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कोविड से जान गंवाने वालों के परिजन को 50000 मुआवजा, जम्मू-कश्मीर में इस साल 180 आतंकी ढेर









आज से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के एजेंडे में 16 नए बिल शामिल हैं। लोकसभा पहले दिन उन सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई जिनका निधन सत्र के दौरान हुआ है।बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के लिए विधेयक लोकसभा में पेश -बहु-राज्य सहकारी समिति ( संशोधन ) विधेयक, 2022 को बुधवार को लोकसभा में विपक्षी सांसदों की मांग के बीच पेश किया गया। यह बिल जो इस क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करता है। सहकारिता राज्य मंत्री ( एमओएस ) बीएल वर्मा ने ये बिल पेश किया। इसे लेकर विपक्षी सांसदों का आरोप है कि इस विधेयक के प्रावधान राज्य सरकारों के अधिकारों का अतिक्रमण करते हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर ने कहा कि ¶सहकारी समिति राज्य का विषय है। इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों के क्षेत्र में अतिक्रमण कर रही है ( और ) यही कारण है कि देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा सहकारी संघवाद का आह्वान किया है और इस विधेयक को तैयार करने से पहले इसका पालन किया जाना चाहिए था।एलएसी में एकतरफा बदलाव की कोशिशें नहीं होंगी बर्दाश्त- कूटनीतिक तौर पर हमारा रुख चीन के साथ स्पष्ट है। हम एलएसी में एकतरफा बदलाव की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर वे ऐसा करना जारी रखते हैं और ऐसी कुछ करते हैं जो सीमा क्षेत्र में गंभीर चिंताएं पैदा करे तो हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं और यह असामान्यता पिछले कुछ वर्षों में साफ हुई है। इस दौरान कतर में पूर्व नौसेना अधिकारियों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह बेहद संवेदनशील मामला है। उनके हित हमारे दिमाग में सबसे ऊपर हैं। राजदूत और वरिष्ठ अधिकारी कतर की सरकार के लगातार संपर्क में हैं। हम विश्वास दिलाते हैं, वे हमारी प्राथमिकता हैं। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने एनजेएसी पर दिया बयान- उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले 99वें संवैधानिक संशोधन विधेयक पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि संसद ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए 99वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को एक बहुत ही आवश्यक ऐतिहासिक कदम के रूप में पारित किया था।

13 अगस्त, 2014 को लोकसभा में इस पर सर्वसम्मति से मतदान हुआ था। राज्यसभा ने भी इसे 14 अगस्त, 2014 को सर्वसम्मति से पारित किया था। संसदीय लोकतंत्र में शायद ही कभी एक संवैधानिक कानून को इतना बड़ा समर्थन मिला हो। इस साल जम्मू-कश्मीर में 180 आतंकवादी मारे गए - गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आगे कहा कि नवंबर 2022 तक जम्मू-कश्मीर में 123 आतंकवादी घटनाएं हुईं। इनमें सुरक्षा बलों के 31जवानों ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई, जबकि 31 नागरिकों ने भी अपनी जान गंवाई। वहीं इस साल ( नवंबर 2022 तक ) सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर में 180 आतंकवादी मारे गए हैं। केवल हिंदी में एसएससी परीक्षा आयोजित करने की कोई योजना नहीं- सरकार- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार को राज्यसभा में केवल हिंदी में एसएससी परीक्षा आयोजित कराने के विषय में सरकार का रुख साफ किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी चयन आयोग ( एसएससी ) की परीक्षाएं केवल हिंदी में कराने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों और संस्थानों में हिंदी को अनिवार्य करने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि सवाल ही नहीं उठता। एक लिखित प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। कोविड से मरने वालों के परिजनों को दी गई 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि - केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार कोविड-19 से जान गंवाने वालों के परिजनों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दे रही है। उन्होंने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ( ह्ष्ठरू) द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद COVID-19 पीड़ितों को अनुग्रह राशि दी जा रही है।

## MCD चुनाव में चला झाड़ू का मैजिक, मुरझाया कमल; पंजा हुआ पस्त




नई दिल्ली- दिल्ली नगर निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भाजपा के 15 साल के शासन को खत्म कर दिया है। आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में नंबर वन पार्टी बनकर उभरी है और भाजपा दूसरे नंबर पर है तो वहीं, कांग्रेस तीसरे पायदान पर है। एमसीडी के 250 वार्डों पर हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 134 सीटों के साथ बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, भाजपा 104 सीटें, कांग्रेस 9 सीटें और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की है।दिल्लीवासियों को केजरीवाल ने दिया धन्यवाद- नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, इस जीत के लिए दिल्ली की जनता को बहुत-बहुत धन्यवाद। केजरीवाल ने भारत माता की जय से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि, दिल्ली को इतनी शानदार जीत के लिए बधाई देता हूं, उन्होंने अपने बेटे को नगर निगम की जिम्मेदारी दी है। नगर निगम को ठीक करेंगे, कूड़े की समस्या दूर करेंगे, भ्रष्टाचार दूर करेंगे। हम बीजेपी और कांग्रेस के साथ मिलकर नगर निगम ठीक करेंगे। उनका भी हम सहयोग मांगते हैं. केंद्र और प्रधानमंत्री का भी सहयोग मांगते हैं। हम सब मिलकर दिल्ली को ठीक करेंगे।

### एमसीडी में मिले जीत के जश्न डूबे आप के लोग

इस बीच आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में नेताओं के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पार्टी मुख्यालय पहुंचे आप नेता दिलीप पांडेय ने कहा कि, दिल्ली की जनता ने बता दिया है कि लोग केजरीवाल के साथ हैं। आप को मिली बढ़ता पर संजय सिंह ने कहा कि, भाजपा के लोगों को मुंह छिपाकर बैठ जाना चाहिए।%जीत नहीं जिम्मेदारी है- सिसोदिया एमसीडी चुनाव में मिले जीत पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि, दिल्ली MCD में आम आदमी पार्टी पर भरोसा करने के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे नेगेटिव पार्टी को हराकर दिल्ली की जनता ने कट्टर ईमानदार और काम करने वाले अरविंद केजरीवाल जी को जिताया है. हमारे लिए ये सिर्फ जीत नहीं बड़ी जिम्मेदारी है।

### कूड़े के पहाड़ साफ होंगे- मान

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि केजरीवाल ने पहले दिल्ली से कांग्रेस की सत्ता उखाड़ी, अब भाजपा की सत्ता उखाड़ी है। भाजपा ने 7 मुख्यमंत्री एमसीडी चुनाव में उतारे थे लेकिन लोग नफरत की राजनीति नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग स्कूल, अस्पताल, बिजली और सफाई की राजनीति चाहते हैं। अब दिल्ली के कूड़े के पहाड़ साफ होंगे।

### तय समय पर पूरे होंगे काम

दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा, अगर भाजपा काम नहीं करेगी, तो जनता केजरीवाल को चुनेगी। ये फैसला दिल्ली के लोगों ने लिया है इसके लिए दिल्ली के लोगों को बधाई। आप का मेयर बनेगा और मुख्यमंत्री केजरीवाल के निर्देश पर तय समय पर काम पूरे होंगे।

### कई मंत्रियों के क्षेत्र में आप को नुकसान

भले ही क्कने MCD चुनाव में परचम लहराया हो लेकिन दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र के 4 वार्डों में से 3 सीटें भाजपा के खाते में आई हैं। इतना ही नहीं मंत्री गोपाल राय के विधानसभा क्षेत्र के 4 वार्डों में से 2 भाजपा और एक पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

### एमसीडी में 15 वर्षों से भाजपा का शासन

बता दें कि दिल्ली नगर निगम पर पिछले 15 साल से भाजपा का कब्जा रहा है। नए परिसीमन के बाद दिल्ली नगर निगम का ये पहला चुनाव है। इससे पहले राजधानी का नगर निगम 3 इससे पहले राजधानी का नगर निगम 3 हिस्सों में बंटा हुआ था।

# लघु-सीमांत किसानों को धान बेचने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्राथमिकता से टोकन काटने के निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान खरीदी व्यवस्था की समिति वार समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल में शून्य रकबा दिखाने वाले समितियों की समीक्षा करने, लघु एवं सीमांत किसानों से संपर्क कर उन्हे धान बेचने के लिए प्रोत्साहित करने और प्राथमिकता से उनका टोकन काटने निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान उपार्जन केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था, कर्मचारियों के समय पर उपस्थित होने तथा प्रत्येक शनिवार को समिति स्तर पर बैठक लेने एवं ढेरी लगाकर ही धान खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होने गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं करने पर धान उपार्जन केंद्र तेंदुमूड़ा के फड



प्रभारी को हटाने और धान उपार्जन केंद्र धनौली में नियुक्त दोनो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, संयुक्त कलेक्टर श्री विरेंद्र सिंह, धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था के लिए नियुक्त सभी जिला नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पेंड्रारोड एवं मरवाही, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, खाद्य अधिकारी एवं सभी खाद्य निरीक्षक उपस्थित थे।

# वार्ड नंबर 36 धनीपुर में नगर निगम के अधिकारी सफाई कर्मचारी भेजकर सफाई व्यवस्था कराएं ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- वार्ड नंबर 36 गांव धनीपुर में नालियों की सड़कों की सफाई व्यवस्था नगर निगम की तरफ से नहीं की जा रही है यह नगर निगम के सफाई कर्मचारी आते हैं सड़क पर स्कूल के आसपास की सफाई करके चले जाते हैं और पूरे गांव की सफाई दर्शाते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए सफाई व्यवस्था की तरफ सरकार अत्यंत ध्यान दे रही है लेकिन नगर निगम के अधिकारी सफाई व्यवस्था की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि गांव धनीपुर में नालियों की सफाई गलियों की सफाई नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अवगत भी करा दिया गया है लेकिन सफाई कर्मचारी कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं अगर आपकी से आग्रह किया है वह तत्काल धनीपुर में सफाई कर्मचारियों को स्थाई रूप से लगाएं नालियों में गंदगी भरी पड़ी है धनीपुर में जगह जगह कूड़ेदान रखे जाएं जिसके कूड़ा उठा करके उस में डाल दिया जाए हर चौराहे पर हर गली के मोड़ पर कूड़ेदान रखे जाएं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने सफाई व्यवस्था पर ध्यान देते हुए कहा है कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार सफाई व्यवस्था पर काफी ध्यान दे रही हैं सरकार के आदेश का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गांव धनीपुर में तत्काल अतिशीघ्र सफाई कर्मचारी तत्काल भेजे जाएं गांव धनीपुर की नालियों की सफाई कराई जाए गलियों की सफाई कराएं अन्यथा इसकी शिकायत श्री माननीय मुख्यमंत्री जी से माननीय नगर विकास मंत्री से की जाएगी

# पांच साल से कोमा में सिपाही, इलाज में बिक गए खेत, पुलिस विभाग ने सेवानिवृत कर लिख दिया स्वर्गीय

गौतमबुद्ध नगर में ड्यूटी के दौरान हादसे में घायल हुआ सिपाही सागर सिंह पांच साल से कोमा में हैं। बेटे का इलाज कराते-कराते खेत बिक गए। 65 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी उम्मीद की किरण नहीं दिखी। उल्टा विभाग ने बेटे को सेवानिवृत्त कर दिया। पेंशन के नाम पर 3080 रुपये हर माह मिल रहे हैं। इससे घर का खर्च चलाना तो दूर, बेटे की दवा खरीदना भी मुश्किल है। पीड़ित पिता विशंभर सिंह ने कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर सिंह को रोते हुए यह पीड़ा बताई है। उन्होंने मामले में जांच के आदेश किए हैं। आगरा के खंदौली के गांव हसनपुरा निवासी विशंभर सिंह घर में ही परचून की दुकान चलाते हैं। उनके दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा सागर सिंह वर्ष 2016 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। उसकी पहली तैनाती गौतमबुद्ध नगर के थाना फेस-दो में थी। चार सितंबर 2017 को वह बाइक पर समन तामील करने के लिए थाने से रवाना किया गया था। नगला कट के यूटर्न पर एक स्कूटी से टक्कर हो गई। सागर गंभीर घायल हो गया, वह कोमा में चला गया। चार अस्पताल में इलाज के बाद भी बेटा कोमा से बाहर नहीं आ सका। अब घर में ही इलाज करा रहे हैं।2021 में कर दिया गया सेवानिवृत्त-पिता का दर्द है कि नवंबर 2021 में विभाग ने सागर को अनफिट होने की वजह से अनिवार्य सेवानिवृत्त कर दिया। इसके बाद 3080 रुपये पेंशन जारी कर दी, जबकि सागर की दवा और खाने-पीने पर ही हर महीने 10-12 हजार रुपये खर्च हो जाते हैं। बेटे का इलाज कराने में खेत बिक गए। लोगों से कर्ज भी लेना पड़ा। कहा कि पूरे मामले को दिखवाया जा रहा है। पेंशन में कोई त्रुटि होगी तो सही कराया जाएगा। परिजन से कहा गया है कि वह इलाज से संबंधित बिल जमा करें। इसके बाद भुगतान कराया जाएगा।

# विवाद में पिता पुत्र पर खौलता तेल डाला पिता की हालत गंभीर



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती होटल पर सामान लेने गए युवक से विवाद होने पर दूकानदार ने खौलता तेल डाल दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही वहां खड़े उसके पुत्र पर भी छींटे पड़ने से घायल हो गया। थाना मल्हीपुर के महीपत पुरवा निवासी विपिन कुमार वर्मा (40) पुत्र सिधराम बुधवार को सुबह बदला स्थित एक होटल पर सामान ले रहा था। वहीं पर किसी बात पर विवाद होने पर दुकानदार ने विपिन के ऊपर कढ़ाई का खौलता तेल डाल दिया। जिससे विपिन गंभीर रूप से झुलस गया। साथ ही करीब खड़े उसके पुत्र शिवम वर्मा (18) पर भी तेल का छींटा पड़ने से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां विपिन की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिनगा रेफ़र कर दिया।

# कैम्प लगाकर पीएनबी खोल रहा है खाता



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पंजाब नैशनल बैंक शाखा भिनगा के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष मिश्रा के दिशानिर्देशानुसार पीएनबी जगह जगह कैम्प लगाकर खाता खोल रहा है जिसका उद्देश्य हर वर्ग तक पीएनबी की सुविधाओं को पहुंचाने का है। बैंक कर्मचारी लोक राज नारायण पाठक के द्वारा सभी वर्ग के पुरूष महिला का नि:शुल्क खाता खोला गया तथा साथ साथ में पाठकजी ने पीएनबी वन के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि ये सिर्फ मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन ही नहीं यह खुद में ही एक बैंक है। इसमे कस्टमर बिना बैंक जाये बैलेंस ट्रांसफर नेफ्ट, आरटीजीएस, आईएमपीएस, यूपीआई, स्कैन, एफडी/आरीडी/पीपीएफ व सेविंग एकाउंट खोलना व बीमा, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, चेकबुक, मोबाइल रिचार्ज, बिल का भुगतान लॉकर रिक्वेस्ट एवं बिना बैंक जाये आठ लाख तक का लोन ले सकता है एवं एक क्लिक पर अपना खाता किसी भी शाखा में स्थानांतरित कर सकता है एवं केसीसी रिनिवल इत्यादि बहुत सी सुविधाएँ का लाभ उठा सकता है। इस मौके परा प्रधानाचार्य खेमराज पाठक एक्शनऐड संस्था के वालंटियर्स प्रदीप तिवारी, तरुणा मिश्रा, रोहिणी मिश्रा एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी ने रानीसीर चिरैया गौशाला का किया निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने रानीसीर गौशाला का आकस्मिकनिरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान गव वँशो की बाड़े व चारा स्थल में व्याप्त अव्यवस्थाओ पर बिफरे सौरभ शुक्ला ने ग्राम पंचायत रानीसीर में स्थित गौशाले का अपने टीम के साथ उपजिलाधिकारी जमुनहा ने



औचक निरीक्षण किया । गव वँशो की दुर्दशा देख उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिव को जम कर लताड़ा । गौशाला में चारे के अभाव में गव वंश असहाय जमीन पर लेटे थे उनकी कोई सुध बुद्ध न लेने के कारण चील कौवे द्वारा अंगो को छति ग्रस्त किया जा रहा था । जिसे एसडीएम की टीम में आये कर्मिकों ने देखा एसडीएम ने अपने कार्मिको से गव वँशो को क्षति पहुचा रहे । कौवे चीलों को भगाने के लिए कहा साथ ही साथ ग्राम पंचायत अधिकारी से चारा व पानी की व्यवस्था तत्काल करवाने के लिए निर्देश दिया । साथ ही साथ उन्होंने यह कहा कि जो भी जानवर रोग ग्रस्त है , पशु चिकित्सक को बुलवा कर इलाज करवाने के लिए कहा इस दौरान नायब तहसीलदार जमुनहा शुभम तिवारी , खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा गौरव प्रोहित , सीबीओ श्रावस्ती , पशुचिकित्सा अधिकारी नरेंद्र कुमार व सचिव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जिला गंगा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान पूर्व में किये गये संयुक्त निरीक्षण में चिन्हित इकाईयों मैसर्स डिजाइनको, लाकडी फाजलपुर, मुरादाबाद (निकट बैंक आफ गांगन नदी), मैसर्स लोहिया ब्रास प्रा0 लि0 लाकडी फाजलपुर मुरादाबाद (निकट बैंक ऑफ गांगन नदी), मैसर्स दीवान एण्ड संस लाकडी फाजलपुर निकट बैंक आफ गांगन नदी, मैसर्स सी0एल0 गुप्ता एण्ड संस फार्म हाउस आशियाना निकट बैंक ऑफ गांगन नदी द्वारा रामगंगा एवं गांगन नदियों के निकट किये गये अनियमित निर्माण पर विचार-विमर्श किया गया तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि गांगन एवं रामगंगा नदी के बाढ़ क्षेत्रों में इकाईयों द्वारा पाये गये अनियमित निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही मुरादाबाद विकास प्राधिकरण मुरादाबाद से नियमानुसार करायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी सामाजिक वानिकी प्रभाग, अधिशासी अभियन्ता बाढ खण्ड सिंचाई, क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# हमलावरों ने युवक को पीटकर किया घायल

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद में एक युवक को चाकू से जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है पूरा मामला बताते चलें कि मुरादाबाद की ईद क्षेत्र के रहने वाले युवक शहजाद पर कुछ युवकों ने उससे हमला कर जख्मी कर दिया। शहजाद के भाई दानिश का आरोप है कि उसका भाई शहजाद 5 दिसंबर को ईदगाह पर था। तीन युवक शराब के नशे में वहां पहुंच गए और शहजाद से गाली गलौज करने लगे। जब शहजाद द्वारा इस बात का विरोध जताया गया तो शराब के नशे में तीनों युवकों ने शहजाद को मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोप है की दो युवकों ने शहजाद को पकड़ लिया और तीसरे युवक ने शहजाद पर चाकू से हमला कर उससे जख्मी कर दिया। शहजाद बुरी तरह जख्मी हो गया। आरोपी शहजाद को मारपीट कर व जख्मी कर वहां से भाग निकले। आनन-फानन में शहजाद के परिजन उसे संबंधित थाना ले गए। उपचार हेतु शहजाद को जिला अस्पताल मुरादाबाद ले जाया गया। जहां उसका मेडिकल करवाया गया। शहजाद की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में ही भर्ती करा दिया गया। परिजनों का कहना है कि शहजाद की हालत गंभीर बनी हुई है चाकू लगने के कारण जाखम काफी गहरे हो गए थे। जिस कारण शहजाद के काफी टांके भी आए हैं तथा शहजाद को जिला अस्पताल में ही भर्ती करा दिया गया है अब उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि आरोपीयो के विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शहजाद के भाई दानिश ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि उसके भाई को इंसाफ मिल पाए।

# मुरादाबाद में छींक से टूट गई बुजुर्ग की पसली, हड्डी रोग विशेषज्ञ ने बताई वजह

अफाक हुसैन-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- सहजता से विश्वास तो नहीं होगा, लेकिन यह बात सच है। छींक आने से बुजुर्ग की पसली टूट गई। मुरादाबाद के बुद्धि विहार के 64 वर्षीय विनोद कुमार अस्थमा के रोगी हैं। शनिवार की रात इन्हें खाना खाते वक्त छींक आ गई। छींक इतनी जोर से आई कि इनके सीने में चट की आवाज हुई। पसली को दबाकर देखा तो दर्द बढ़ गया। अंगुली रखने पर भी दर्द होने लगा। रविवार को दिनभर दर्द होने की वजह से करवट भी नहीं ली जा सकी। सोमवार सुबह उन्होंने जिला अस्पताल में चिकित्सक की सलाह पर एक्सरे कराने पर पसली में बाल जितनी दरार दिखी छींक से पसली टूटने के मामले कम ही देखने को मिलते हैं- डा. शेर सिंह कक्कड़- हड्डी रोग विशेषज्ञ ने सीने में पट्टा लगवाकर झुकने और वजन न उठाने की सलाह दी। 45 दिन तक आराम करने के लिए बोल दिया। जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शेर सिंह कक्कड़ का कहना है कि छींक से पसली टूटने के मामले कम ही देखने को मिलते हैं। 746 मिलीमीटर आफ मरकरी प्रेशर से अधिक प्रेशर होने पर ही ऐसी स्थिति बनती है। उन्होंने पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी है। ताकि शरीर को भरपूर पोषण मिलता रहे। 35 साल के बाद शरीर का कैल्शियम साल में एक बार जरूर चेक कराएं। जिससे सही स्थिति का पता रहे। इसके साथ ही दूध, दही, पनीर आदि कैल्शियम वाले पदार्थ को अपनी खुराक में शामिल करें छींक से पसली टूटने के कई कारण हो सकते हैं मल्टीपल परेशानी की वजह से इस तरह की समस्या हो सकती है- डा. शेर सिंह कक्कड़- वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा. शेर सिंह कक्कड़ ने जानकारी दी कि पूरी बात तो सभी जांचों के बाद ही बताई जा सकती है। मुख्यत- कैल्शियम की कमी, पैथोलाजिकल या मल्टीपल परेशानी की वजह से इस तरह की समस्या हो सकती है। इसलिए मरीज को पूरा परीक्षण कराना होगा। हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा. अंकुर गोयल ने बताया कि छींक से पसली टूटने का मामला बहुत कम ही देखने को मिलता है। आस्टियोपोरोसिस, कैल्शियम की कमी, हड्डियों में इंफेक्शन की वजह से कमजोरी आदि की वजह से पसली टूट सकती है। इसलिए इसे हल्के में नहीं लेकर पूरी जांच होनी जरूरी है। तभी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

# मुरादाबाद मण्डल में पर्यटन विभाग उद्यमियों को निवेश हेतु आकर्षित करने हेतु रुपये 299 करोड़ के एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित करेगा-पर्यटक अधिकारी दीप्ति

मुरादाबाद -मुरादाबाद की नवागत पर्यटक अधिकारी दीप्ति वत्स ने पर्यटक नीति-2022 के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में निवेश आकर्षिक किये जाने की जानकारी देते हुए बताया है कि फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रदेश की 01 ट्रिलियन एकानॉमी को प्राप्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में उद्यमियों को अत्यधिक निवेश किये जाने हेतु आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग को राज्य स्तर पर रुपया 20 हजार करोड़ के एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किए जाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें मुरादाबाद मण्डल हेतु रुपया 299 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित है। पर्यटक अधिकारी दीप्ति ने बताया कि पर्यटन नीति 2022 के अन्तर्गत पूंजी निवेश करने पर निवेशकों को अनुदान एवं विभिन्न प्रकार की छूट दिए जाने का प्राविधान है। नई पर्यटन नीति के माध्यम से मुरादाबाद मण्डल के निवेशकों को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पूर्व एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है, जिस हेतु नई पर्यटन नीति का उद्यमियों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। पर्यटक अधिकारी ने नई पर्यटन नीति 2022 से निवेशकों को होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में पूंजी निवेश बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 10-12 फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में निवेशकों एवं उद्यमियों द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाये जाने एवं उन्हें अधिक लाभ पहुंचाने हेतु नई पर्यटन नीति 2022 लागू की जा रही है, जिसके अन्तर्गत उद्यमी ऑनलाइन एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित कर इस नीति के समस्त लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई पर्यटन नीति में भारी अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की गयी है तथा पर्यटन के क्षेत्र में प्रोजेक्ट लगाये जाने पर 25 से 30 प्रतिशत तक अनुदान, भूमि खरीदने पर स्टाम्प ड्यूटी की छूट, भूउपयोगी परिवर्तन शुल्क एवं विकास शुल्क से पूर्ण छूट मिलने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त स्किल डवलपमेंट, रोजगार की व्यवस्था, इनोवेशन आदि करने पर भी काफी छूट मिलेगी। पर्यटक अधिकारी ने उद्यमियों एवं निवेशकों का आह्वान किया है कि वे नई पर्यटन नीति एवं फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने उद्योग धंधों में अपेक्षित वृद्धि करें।

# रोटरी फॉरेस्ट में क्लब की ओर से लगाए गए 2100 पौधे

अफाक हुसैन-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- रोटरी क्लब मुरादाबाद मिड टाउन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमेढ़ा, दिल्ली रोड, सीएल गुप्ता फर्म के पास स्थित दिव्य वन, रोटरी फॉरेस्ट में 2100 पौधे रोपे गए। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संजय सिंघल ने कहा की 26 बीघे में दिल्ली रोड पर स्थित यह रोटरी वन मंडल इकत्तीस सौ का एकमात्र रोटरी फॉरेस्ट है। इसके विकास में समस्त क्लब निरंतर अपनी सहभागिता व सहयोग बनाए हुए है। क्लब सचिव रोटेरियन रश्मि गोयल ने कहा कि मंडल अध्यक्ष रोटेरियन डीके शर्मा के आह्वान पर स्थापित किए गए इस रोटरी वन की निरंतर देखरेख का परिणाम है कि समाज की विभिन्न संस्थाएं पौधरोपण के लिए दिव्य वन का चयन कर रही है। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक दिवेश चौधरी, क्लब सचिव रोटेरियन रश्मि गोयल, क्लब की प्रथम महिला नेहा सिंघल, विवेक गोयल, एम कुमार, रविशंकर सिंह, अभिनव अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Kharge's '2024 message'

The new Congress President Mallikarjun Kharge has taught a lesson to strengthen the scattered and apathetic organization of the party. He has already called for a discussion on the strategy for the 2024 general elections. Kharge is in favor of continuing the 'politics of the yatra', so another yatra will be started from January 26, Republic Day. It has been given the meaning of 'hand to hand' at Mandal and Panchayat level. After Rahul Gandhi's 'Bharat Jodo Yatra', now Priyanka Gandhi Vadra will lead 'Women's March' in every state. Each 'Women's March' will have its own separate manifesto, so that women's problems can be understood in a wider perspective. In fact, Kharge wants to establish a new association with the Congress at the level of the common man, so he has given a stern message to even the party officials – 'Either move forward, or else be on one side.' At the bottom, organizational accountability and responsibility must be fixed. The office bearers and workers who are unable to fulfill their responsibilities should clear the way for their colleagues. If the Congress organization is strong and strong, accountable and able to live up to the expectations of the people, then we can win any election. This is the only way forward for the party in view of the 2024 Lok Sabha elections. After becoming the Congress President, Kharge had converted the apex Congress Working Committee into a 'Steering Committee'. Presiding over the same meeting, he issued a warning, taught a lesson of accountability to the office bearers and warned the leaders in charge of the states by showing the mirror. The new Congress President has a clear instruction that the party general secretaries or leaders in charge of the states should more or less ensure that they visit the state on an average of 10 days in a month. Have met district and mandal level leaders and tried to understand local issues and problems. Kharge has also sought reports of plans and programs for the next three months. The state in-charge should make it clear that within the coming 90 days, what are the roadmaps for starting a mass movement on democratic and topical issues and problems? In fact, Congress President Kharge's entire focus is on the 2024 general elections. A three-day Congress convention will be organized in the second fortnight of February in Raipur, the capital of Chhattisgarh. Kharge's presidency will be stamped in it and elections will also be held for the Congress Working Committee. The strategy and politics of the 2024 Lok Sabha elections will also be discussed during the convention, so that an immediate blueprint can be prepared. Admittedly, such messages have been issued earlier as well, but they were by the heads of the Gandhi family. Kharge is a non-Gandhi president and has not been very acceptable in the party. Although now after becoming the president, his status will be different, but the question is whether the present Congress organization will accept such a strong message. The Congress is at present in such a situation that its MLAs, Chief Minister level and big leaders are also leaving the party and joining the BJP or have formed their own parties. This is the phase of consolidation and mobilization of the Congress. Now Kharge's acceptance within the party has to be proved, after that the epilogue can come out that how active and organized the party is under his leadership.

# Swara Bhaskar is sitting empty handed! Actress's pain spilled over not getting enough work



The fearless manner in which Swara Bhaskar speaks on various issues seems to be affecting her career as well. Bollywood actress Swara Bhaskar is often in media headlines. Swara is quite active on social media and is often seen voicing her opinion on various issues. At times, Swara also has to face a lot of trolling for her comments. Swara is once again in the news. However, this time he is in discussion not about any of his statements, but about his professional life. Swara says that she is not getting enough work in Bollywood. In the recent conversation, the pain of the actress has come to the fore. The fearless manner in which Swara Bhaskar speaks on various issues seems to be affecting her career as well. Recently, during a media interaction, Swara told how films are slipping out of her hands. Swara Bhaskar believes that she intentionally put her career at risk. Swara said, 'I deliberately took the risk. What I love the most is my work. There is a big cost to this risk. Its impact is happening personally and emotionally. I don't get enough work. I am a better actor than what I have got and I am capable of doing more. The track record of my career has been better. While talking, Swara Bhaskar further said, 'I have been a part of 6-7 blockbuster films. Lead role in web series. I have never received bad reviews. I should not feel that I do not get enough work, but it is clear that there is not enough work. Talking about Swara Bhaskar's professional life, she has been a part of blockbuster films like 'Veere Di Wedding', 'Prem Ratan Dhan Payo', 'Nil Battey Sannata'. Swara's previous film was 'Jahan Chaar Yaar'. It was a story of four friends, in which Meher Vij, Shikha Talsania and Pooja Chopra were also present. His upcoming films are 'Mimansa' and 'Mrs Falani'. Let us tell you that Israeli filmmaker Nadav Lapid commented on the film 'The Kashmir Files' on the concluding day of the International Film Festival of India held in Goa. The film was called vulgar and propaganda. His statement was criticized by many including Anupam Kher. At the same time, some justified his point, out of which Swara Bhaskar was one. Regarding this matter, the users had put a very good class on Swara.

# कोल्ड स्टोर में रखे आलू को लेने नहीं आ रहे किसान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आलुओं पर बढ़ती महंगाई के बाद भी कोल्ड स्टोर में रखे पुराने आलुओं को किसान निकालने नहीं आ रहे है। इस कारण कोल्ड स्टोर संचालकों को पुराने आलू या तो फेंकने पड़ रहे है या फिर उन्हे काफी सस्ते रेटों पर बेचना पड़ रहा है, जिससे उनका किराया भी नहीं निकल रहा है। पुराने आलुओं को निकाल कर कोल्ड स्टोर खाली किए जा रहे है। जिले के अधिकांश कोल्ड स्टोरों में रखे पुराने आलुओं को किसानों ने किराया देने के चक्कर में नहीं निकाला है। इस कारण कोल्ड स्टोर संचालक आलुओं को कोल्ड से निकालकर उनकी छटनी करा रहे हैं। उसको सस्ते दामों में बेच रहे हैं और जो आलू छोटा या खराब हो चुका है, उसके कोल्ड स्टोर संचालक फेंक रहे है। सोमवार अलीगंज रोड स्थित कोल्ड स्टोर संचालक ने बताया कि उनके कोल्ड स्टोर में 800 से अधिक आलुओं की बोरियां मार्च से नवंबर तक के लिए किसान रख गए थे।

नवंबर के अंत में कोल्ड स्टोर संचालकों ने किसानों से आलू ले जाने के लिए संपर्क किया गया, तो किसानों ने पुराने आलुओं को ले जाने से इनकार कर दिया। कोल्ड स्टोर संचालक ने बताया कि कोल्ड स्टोर में दस महीनें तक रखने के लिए प्रति बोरी किराया कुल 130 रुपये लिया जाता है। 800 बोरियों का एक लाख 40 हजार किराया हो जाने से किसानों ने पुराने आलुओं को कोल्ड से नहीं निकाला है। पुराने आलुओं की छटाई करा कर बेचने में और भी अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# बिना एनओसी के नहीं लगेगा आरओ प्लांट



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र चल रहे आरओ वॉटर प्लांट पर सख्ती करने जा रही है। परिषद अध्यक्ष अंकित कुमार अग्रवाल ने बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र चल रहे आरओ वॉटर प्लांट संचालकों से जल्द से जल्द प्रमाण पत्र लेने को निर्देशित किया है। अन्यथा की स्थिति में पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद अध्यक्ष ने बताया है कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम-2019 के तहत भूमिगत जल संरक्षित करने, नियंत्रित करने और भूमिगत जल के विनियमन का सतत् प्रबन्धन सुनिश्चित करने को अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। सभी औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्कम, आरओ प्लाट और सामूहिक उपयोगकर्ताओं को भूजल निष्कर्षण अनापित्त प्रमाण-पत्र लेना होगा। इसके अतिरिक्त भूगर्भ कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। बिना अनापत्ति प्रमाण के भूमिगत जलदोहन करने पर दो से पांच लाख का जुर्माना। छह माह से एक वर्ष तक कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किये गये है। निमेष पोर्टल पर अनापत्ति प्रमाण पत्र को करें आवेदन- परिषद अध्यक्ष ने बताया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकरण के लिए निमेष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी फर्म,संस्था ने भूगर्भ जल निष्कर्षण को अनापत्ति प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन को एक माह के अन्दर आवेदन नहीं किया जाता है। उसके उपरान्त यदि किसी ने अवैध रूप से भूगर्भ जल निष्कर्षण करते हुए पकडा जायेगा। उसके विरूद्ध अधिनियम के अनुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इन व्यापारिक प्रतिष्ठानों को लेना होगा प्रमाण पत्र- परिषद अध्यक्ष ने बताया कि जिले में संचालित सामूहिक उपयोगकर्ता होटलों, लॉजों, आवासीय कॉलोनियां, रिजार्टों, निजी, चिकित्सालयों, परिचर्या गृहों, कारोबार प्रक्षेत्रों, माल्स, वाटर पार्कों, मेरिज होम, लोन, पैकेज ड्रिंकिंग प्लांट, स्लाटर हाउस, शांपिक कॉपलेक्स, वाहन धुलाई केन्द्र को अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकरण करना होगा।

# अखिलेश जी ने राजधर्म निभाया होता तो योगी जी जेल में होते

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान कि उनके सामने भी योगी जी की फाइल आई थी लेकिन उन्होंने अधिकारियों से एफआईआर दर्ज न करने और मामलों को बन्द कर देने का निर्देश दिया था, सपा और भाजपा के बीच गुप्त समझौते को प्रमाणित करता है. अखिलेश यादव और इससे पहले उनके पिता मुलायम सिंह यादव जी ने हमेशा योगी को बढ़ावा दिया ताकि मुसलमान डर के कारण सपा को वोट देते रहें. जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग एटा के ज़िला अध्यक्ष वसीम सलमानी साहब/शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास/.ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अलीगढ़ मंडल प्रभारी सैयद मुनीर अकबर साहब एटा प्रभारी विंसेंट जोल साहब ने कहा कि अखिलेश यादव के इस बयान से मुसलमानों को समझ लेना चाहिए कि सपा और अखिलेश यादव के सहयोग के चलते ही आज योगी जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं. अगर उन्होंने राजधर्म निभाया होता तो आज योगी जी दंगों और भड़काऊ भाषणों के मुकदमों में जेल में होते. जिला अध्यक्ष वसीम सलमानी साहब ने कहा कि 27 जनवरी 2007 को योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर विधायक राधामोहन दास अग्रवाल और गोरखपुर की मेयर अंजू चैधरी की मौजूदगी में हिंसा फैलाने वाला भाषण देते हुए ऐलान किया कि वो ताजिया नहीं उठने देंगे और खून की होली खेलेंगे. जिसके लिए उन्होंने आस-पास के जिलों में भी अपने लोगों को कह दिया है. इसके बाद गोरखपुर, देवरिया, पडरौना, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर और सिद्धार्थनगर में योगी के कहे अनुसार ही मुस्लिम विरोधी हिंसा हुई. उस समय की मायावती सरकार ने इस पर कोई कार्यवाई नहीं की. बहुत मुश्किल से न्यायालय के ज़रिए मुकदमा दर्ज हो पाया लेकिन 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव जी की सरकार ने सीबी सीआईडी जाँच की अनुमति ही नहीं दी.शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास ने कहा कि इसी तरह देवरिया के मोहन मुंडेरा कांड जिसमें योगी के भाषण के बाद 76 मुस्लिमों के घर जला दिए गए थे, की भी जाँच सपा सरकार ने नहीं होने दी. यहाँ तक कि पचरुखीया कांड जिसमें योगी आदित्यनाथ के गुंडों ने तत्कालीन सपा नेत्री तलत अजीज के सुरक्षाकर्मी सत्य प्रकाश यादव की हत्या कर दी थी, उसमें भी सपा सरकार ने ठीक से जाँच नहीं होने दी और योगी को बचा लिया. कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर अखिलेश यादव ने योगी के खिलाफ़ अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी निभाई होती तो आज योगी जेल में होते. कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता आबिद अली जी ने कहा ,उन्होंने कहा कि मुसलमानों को यह भी समझना होगा कि जब तक वो सपा को वोट देते रहेंगे भाजपा को हराना नामुमकिन है. क्योंकि उनके सपा को वोट करने के कारण ही न चाहते हुए भी गैर सपाई पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों और सवर्णो का बड़ा हिस्सा भाजपा को वोट करता है. यही भाजपा की ताक़त का राज है. उन्होंने कहा कि मतदान के इस पैटर्न के कारण ही बहुत सी जातियाँ न चाहते हुए भी भाजपा की मुस्लिम विरोधी राजनीति का वाहक हो जाती हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि मुसलमानों के 20 प्रतिशत वोट के कारण ही 5 प्रतिशत आबादी वाली एक तबके की गुंडागर्दी उन्हें झेलनी पड़ती है जो न सिर्फ़ अन्य पिछड़ों का हिस्सा खा जाती हैं बल्कि दलित और कमज़ोर तबकों पर जुल्म भी करती हैं इस वार्ता में शामिल सभी कांग्रेस कार्यकर्ता । किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता जी, कांग्रेस अल्पसंख्यक के शहर उपाध्यक्ष मुकीम अब्बास, शहर महासचिव लल्ला बाबू, कांग्रेस अल्पसंख्यक के शहर महासचिव सुल्तान अली अब्बास, शहर सचिव मोहम्मद अफजाल, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद रिहान, मोहम्मद आरिफ सलमानी, रईस सलमानी,राजा अब्बास, सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे,

# ग्रीन गार्डन में विवाहोत्सव के दौरान पकडा गया बच्चा चोर

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ठंडी सडक स्थिति भव्यतम ग्रीन गार्डन के अन्दर रविवार की रात्रि में वरिष्ठ पत्रकार राकेश कश्यप की पुत्री के विवाहोत्सव समारोह के दौरान जब जिले के आला प्रसाशनिक/ पुलिस अधिकारीगंण एवं कद्दावर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति व रिश्तेदार आदि दावत का आनंद व वर वधु को आशीर्वाद दिऐ जाने में मशगूल थे कि तभी एक रिश्तेदार की नजर कुछ वस्तुओं की चोरी करते हुऐ एक अवैध बच्चे पर पडी तो उसको पकड कर जब चोरी किऐ जाने का कारण जानना चाहा तो उसने बताया कि उसका नाम आर्यन पुत्र रनवीर जाटव है तथा उसके पिता निधौली रोड स्थिति ठेका देशी शराब के सामने अन्डे का ठेला लगाते हैं , उसने बताया कि वह चार भाई बहिन हैं जिसमें वह सबसे बडा है तथा सहालग के समय वह पिछले वर्ष से अपने कुछ साथियो के साथ विवाहोत्सव समारोहों में विभिन्न गेस्ट हाऊस के अन्दर तमाम चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है ! पूछताछ के दौरान जब उसने कहा कि वह अब चोरी नहीं किया करेगा तो उसकी इस बात व उसकी मासूमियत को देखते हुऐ उसे छोड दिया गया

